# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- गढ़वा में झारखंड–बिहार की सीमा पर सोन नदी में अचानक आयी बाढ़ के कारण टीले पर फंसे सभी चालीस लोग और लगभग एक सौ मवेशी सुरक्षित बाहर निकाले गये।
2- झारखंड के जलाशयों से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने पर बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएम हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप का किया आग्रह।
3- पवित्र सावन माह की तीसरी सोमवारी पर आज शिवालयों में उमड़ी भीड़, देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में ढाई लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान, सुरक्षा और सुविधा के किये गये व्यापक प्रबंध।
4- पेरिस ओलंपिक में आज बैडमिंटन में भारत को लक्ष्य सेन से कांस्य पदक की उम्मीद, शाम छह बजे से मलेशिया के लीजी जिया से होगा मुकाबला।

****************

गढ़वा जिले में झारखंड–बिहार की सीमा पर सोन नदी के टीले पर बाढ़ के कारण फंसे 40 ग्रामीण और लगभग एक सौ मवेशियों को एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। हमारे गढ़वा संवाददाता ने बताया कि सभी को बिहार की सीमा की तरफ निकाला गया। इनमें 32 लोग गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के और आठ लोग बिहार के नावाडीह गाँव के थे। ये सभी सोन नदी के बीच एक टीले पर अपने मवशियों के साथ अस्थायी घर बनाकर रहते हैं। रिहंद डैम से पानी छोड़े जाने पर कल सोन नदी में अचानक बाढ़ आ गयी, जिसके कारण ये सभी टीले पर ही फंस गये थे।

****************

झारखंड के जलाशयों से अत्यधिक पानी छोड़ने पर कल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। ममता बनर्जी ने हेमंत सोरेन को बताया कि तेनूघाट डैम, मैथन और पंचेत डैम से पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस मामले में डीवीसी मैथन के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि अब तेनुघाट, मैथन और पंचेत डैम से कम पानी छोड़ा जाएगा, क्योंकि वर्षा में कमी आयी है। इधर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पश्चिम बंगाल में आयी बाढ़ के लिए झारखंड सरकार जिम्मेदार नहीं है। दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

****************

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का बजट संतुलित और रोजगारोन्मुखी है। बजट में युवाओं को रोजगार से जोडने के कई प्रावधान किए गए हैं। वे कल रामगढ़ में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में बजट को लेकर अपने विचार रख रहे थे।

श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को अगले पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा। बजट में शिक्षा रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत पांच करोड़ जनजातीय वर्ग के लोगों को सीधे लाभ मिलेगा।

****************

प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का जामताड़ा जिले में व्यापक असर देखा जा रहा है।

****************

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा– हम ने झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। रांची में आयोजित पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मौके पर श्री मांझी ने कहा कि केरल की लेबर पार्टी को हम पार्टी में विलय किया गया है। उनकी पार्टी देशभर में गरीब, वंचित, और आम लोगों के अधिकार के लिए चुनाव लड़ेगी। बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि झारखंड में पार्टी का जल्द विस्तार किया जायेगा।

****************

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि झारखंड में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण जल्द कार्यशील किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने भी 25 जुलाई को उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को इस संबंध में एक पत्र भेजा है। बता दें कि कोयला मंत्रालय ने झारखंड में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण का गठन किया है। सांसद श्री चौधरी ने किये जा रहे अपने प्रयास से कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीणा को अवगत कराया है।

***************

- आदित्यपुर पुलिस ने तीन अलग–अलग मामलों में कल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अमन खान, .समीर गोराई और विलियम कुमार हैं।
- रांची के विधानसभा थाना क्षेत्र के नयासराय रिंग रोड के पास आज सुबह एक व्यक्ति शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि वह इलाज कराने आया था। उसकी मौत की वजह सामने नहीं आ पायी है।
- बिहार में वैशाली जिले के सुल्तानपुर में कल नौ कांवरियों की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी और दो अन्य झुलस गए, यह घटना उनके वाहन के हाई वोल्टेज बिजली के तार के संपर्क में आने से हुई।

****************

सावन की तीसरी सोमवारी पर आज राज्यभर के शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। देवघर में नौ किलोमीटर लंबी लाइन में कतारबद्ध होकर श्रद्धालु जलार्पण के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बाबा बैद्यनाथ धाम में आज लगभग ढाई लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है।

इधर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। लोग पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक कर रहे हैं। वहीं हजारीबाग जिले के बड़कागांव में पांच सौ मीटर ऊंचे पर्वत शिखर पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ा है। बुढ़वा महादेव मंदिर में सावन में जलाभिषेक की परंपरा छह सौ साल पुरानी है।

****************

पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में आज भारत के लक्ष्य सेन कांस्य पदक के लिए मैदान में उतरेंगे। उनका मुकाबला मलेशिया के लीजी जिया के साथ होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम छह बजे से होगा। भारत को लक्ष्य सेन से पदक की उम्मीद है। इधर बैडमिंटन के पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में कल लक्ष्य सेन को डेनमार्क के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

*****समाप्त***********